हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 11 दिसंबर 2024


## सीएम फडणवीस का 13 को नागपुर आगमन



**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नागपुर शहर में आगमन गुरुवार 12 दिसंबर के बजाय शुक्रवार 13 दिसंबर को होगा। मुख्यमंत्री फडणवीस दोपहर 1 बजे भारतरत्न डॉ.बाबासाहब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी नागपुर महानगर के अध्यक्ष जीतेन्द्र (बंटी) कुकड़े दी है।

# बर्खास्त पुलिसकर्मी ने प्रेमिका को लगाया ठिकाने


## हत्या के बाद सेप्टिक टैंक में छुपाई लाश

**नागपुर।**

स्कूल टाइम की पहचान के चलते दोनों विवाहित होने के बावजूद प्रेम संबंध जुड़ गए। प्यार के चक्कर में महिला अपने बच्चे और पति को छोड़कर घर से भागने को तैयार हो गई। चिमुर से नागपुर भी आ गई, लेकिन इसी बीच प्रेमी के साथ विवाद हो गया। आरोपी प्रेमी ने गला घोटकर महिला की हत्या कर दी और उसकी लाश एक निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में छुपा दी। यह सनसनीखेज वारदात बेलतरोड़ी थाना क्षेत्र में सामने आई है।

दृश्यम फिल्म की पुनरावृत्ति करती इस कहानी के सामने आने के बाद खलबली मच गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लाश बरामद कर ली है। मृतक चिमुर निवासी अनुराधा (40) बताई जा रही है। पकड़ा गया आरोपी बेसा-घोगली निवासी नरेश उर्फ नरेंद्र पांडुरंग डाहुले (40) है। नरेश चंद्रपुर पुलिस में कार्यरत था. गैरकानूनी गतिविधियों में सक्रिय होने के कारण उसे इसी वर्ष जनवरी महीने में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। तब से वह घोगली परिसर में रह रहा था।

मृतक अनुराधा के पति बैंक में वरिष्ठ अधिकारी है। उसे एक बेटा भी है। पुलिस के अनुसार नरेश और अनुराधा एक ही स्कूल में पढ़ते थे। 10वीं के बाद दोनों का संपर्क टूट गया। अगस्त महीने में फेसबुक के जरिए दोनों फिर से संपर्क में आए। चैटिंग होने लगी और दोस्ती प्रेम संबंधों में बदल गई। नरेश ने अनुराधा



पर घर से भाग कर विवाह करने के लिए दबाव डाला। 26 नवंबर को अनुराधा ट्रैवल्स बस से नागपुर पहुंची और नरेश से मिलने गांधीबाग गई। नरेश उसे कार में बिठाकर रेशिमबाग परिसर में ले गया. वही उनका विवाद हो गया।

वहां घर से भागने को लेकर दोनों के बीच मतभेद हो गए। विवाद बढ़ता गया और नरेश ने गुस्से में आकर अनुराधा की ओढ़नी से उसका गला घोट दिया। वह कार में अनुराधा की लाश लेकर शहरभर घूमता रहा। बूटीबोरी भी गया लेकिन वहां भी कोई जगह नहीं मिलने से वापस आ गया। 8 घंटे तक यहां-वहां घूमने के बाद उसने अनुराधा की लाश वेलाहरी गांव में एक निर्माणाधीन इमारत के सेप्टिक टैंक में फेंक दी। ऊपर से मिट्टी डाल दी और कचरा डालकर टैंक को टीन से बंद कर दिया।

नरेश को लगा कि अनुराधा की लाश सड़ने पर सबको घटना का पता चल जाएगा। इसलिए उसने परिसर के एक कुत्ते को मार दिया। कुत्ते की लाश को सेप्टिक टैंक के पास फेंक दिया। अपना और अनुराधा का मोबाइल स्विच ऑफ करके गांधीबाग गया। वहां दोबारा मोबाइल शुरु किया और दोनों फोन रास्ते के किनारे फेंककर रात 11 बजे के दौरान घर लौट गया।

उधर, अनुराधा घर से लापता होने के कारण पुलिस का संदेह बढ़ गया। सख्ती से पूछताछ करने पर नरेश ने अनुराधा की हत्या कर लाश वेलाहरी परिसर में फेंकने की जानकारी दी। मंगलवार की दोपहर चंद्रपुर एलसीबी की टीम नरेश को साथ लेकर नागपुर पहुंची। बेलतरोड़ी पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने अनुराधा का शव बरामद कर मेडिकल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम आज बुधवार को किया जाएगा।

### हत्या के पहले चोरी की कार

पुलिस का अनुमान है कि नरेश ने पहले ही अनुराधा की हत्या करने का प्लान बना लिया था। उसे संदेह था कि अनुराधा घर से भागने से इंकार कर देगी। इसलिए उसने चंद्रपुर से एक कार चोरी की। इसी कार में वह अनुराधा को लेकर घूम रहा था। चंद्रपुर की एलसीबी कार चोरी की जांच कर रही थी। आखिर पुलिस को नरेश का सुराग मिला। पुलिस ने उसे कार सहित गिरफ्तार कर लिया। तकनीकी जांच के दौरान पता चला कि नरेश लगातार अनुराधा के संपर्क में था।

## भरोसा सेल ने वरिष्ठ महिला को दिलाया न्याय

### बिना कानूनी कार्रवाई के हुआ समाधान

**नागपुर।** नागपुर पुलिस आयुक्तालय के भरोसा सेल ने एक संवेदनशील मामले में वरिष्ठ नागरिक महिला को न्याय दिलवाया, जब उसकी स्थिति जीवनयापन के लिए संकटपूर्ण हो गई थी। महिला ने अपने ही पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जो पिछले दो वर्षों से न तो घर आता था और न ही किसी प्रकार का खर्च देने के लिए तैयार था। इस मामले में पुलिस ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के दोनों पक्षों का समुपदेशन किया और महिला को जीवन यापन के लिए जरूरी मदद दिलवायी।

यह घटना 4 दिसंबर 2024 को घटित हुई, जब 62 वर्षीय महिला ने 65 वर्षीय अपने पति के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई। महिला का पति पिछले 28 वर्षों से घरेलू झगड़ों के चलते अलग रहता था। हालांकि, पहले वह घर आता था और बच्चों के पालन-पोषण के लिए पैसे देता था, लेकिन दो साल से उसने यह सब बंद कर दिया था। महिला ने जीवन यापन के लिए अपने घर के एक हिस्से को किराए पर दे दिया था, लेकिन घर की जर्जर हालत के कारण किराएदार भी





घर छोड़कर चले गए। इससे महिला के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया।

महिला के शिकायती पत्र के बाद भरोसा सेल ने 10 दिसंबर को दोनों पक्षों को बुलवाया और समुपदेशन की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस निरीक्षक सीमा सुर्वे, सहायक पुलिस निरीक्षक शुभांगी तकीत, पुलिस उप निरीक्षक रवि भोस्कर और महिला सिपाही रोशनी ने दोनों पक्षों को शांतिपूर्वक बैठाकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाला। पुलिस अधिकारियों ने समझाया कि अदालत में समय और ऊर्जा बर्बाद करने के बजाय, वे आपस में समझौते के जरिए इस समस्या का समाधान निकाल सकते हैं।

इसके बाद महिला के पति ने पत्नी को नियमित मेंटेनेंस देने पर सहमति व्यक्त की और दोनों पक्ष बिना किसी कानूनी कार्रवाई के घर लौट गए। इस तरह, भरोसा सेल की प्रभावी मध्यस्थता से एक और जटिल मामला सुलझ गया।



## बीच सड़क पर महिला को छेड़ा

**नागपुर।** अपनी बच्ची को ट्यूशन क्लास से घर ले जाते समय एक दुपहिया सवार आरोपी ने महिला के साथ अश्लील हरकत कर विनयभंग किया। इस मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी राजेश उर्फ राजा सुंदरलाल ढोके (47) तहसील निवासी का समावेश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला 31 वर्ष की है और तहसील परिसर में रहती है। सोमवार शाम करीब 7:30 के दौरान महिला अपनी नाबालिग बच्ची को ट्यूशन क्लास से घर लेकर जा रही थी। इस दौरान आरोपी अपनी बाइक (क्र.एमएच 31 / वी.एस.4934 ) पर सवार होकर पीछे से आया और महिला के साथ अश्लील हरकत कर छेड़खानी की तथा वहां से भाग खड़ा हुआ। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस कर दी। पुलिस ने छेड़खानी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर बाद में आरोपी को ढूंढ कर गिरफ्तार किया है



## ट्रेलर ने दुपहिया सवार को कुचला, हुई मौत

**नागपुर।**

कलमना पुलिस थाने के चिखली चौक से एमबी टाउन की तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर एक दुपहिया सवार को तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने कुचल दिया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भी ले जाया गया परंतु जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मृतक की पहचान राजकुमार बृजलाल दखने (37) पावनगांव के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब 7 के दौर राजकुमार अपनी गाड़ी (क्र.एमएच 49 /सीसी 5869 ) से कलमना पुलिस थाना अंतर्गत चिखली चौक से एमबी टाउन की तरफ सड़क मार्ग से जा रहे थे। उसी दौरान शारदा ट्रेडिंग कंपनी के सामने ट्रेलर (क्र.एमएच 04/एफ. जे.9453 ) के चालक ने तेज गति व लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाते हुए राजकुमार की दुपहिया को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल राजकुमार को लोगों ने इलाज के लिए मेओ अस्पताल में दाखिल करवाया परंतु डॉक्टर ने जांच के दौरान ही उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने फरियादी राम प्रकाश लोटन झगेकार (33) तहसील निवासी की शिकायत पर ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

## इलेक्ट्रिक डीपी में लगा जनरेटर हुआ चोरी

### > सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की वारदात

**नागपुर।** वाड़ी पुलिस थाने के टी प्वाइंट स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास लगी इलेक्ट्रिक डीपी के जनरेटर को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए, पुलिस ने फरियादी पवन दयाराम सेलोकर (38) प्लॉट नंबर 5,शिव तीर्थ नगर, बेलतरोडी निवासी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार वाडी टी



पॉइंट के पास स्थित भारत पेट्रोल पंप के समीप इलेक्ट्रिक डीपी है। इस डीपी में एक जनरेटर लगा हुआ था जिसकी कीमत 3 लाख 11163 रुपये बताई जा रही है।

5 दिसंबर की रात करीब 1 बजे के दौरान एक टाटा एस गाड़ी में आए आरोपियों ने इस जनरेटर को चोरी कर अपनी गाड़ी में लेकर चले गए। यह पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जनरेटर गायब होने की जानकारी मिलने के बाद इसकी शिकायत पुलिस से की गई। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन अज्ञात चोरों की तलाश कर रही है।

## कुख्यात येड़ा हुआ तड़ीपार

**नागपुर।**

शहर पुलिस डीसीपी जोन 4 रश्मिता राव द्वारा वाठोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत कुख्यात गुंडे अक्षय उर्फ येडा महेशराव कुंभलकर (20) प्लाट नंबर 6,गली नंबर 1,कचरा डंपिंग यार्ड रोड, वाठोडा निवासी के खिलाफ तड़ीपारी की कार्रवाई की है।

अक्षय की उपस्थित नागरिकों में दहशत निर्माण कर रही थी। इससे पहले भी उसके खिलाफ प्रतिबंधक कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके उसके स्वभाव में सुधार नहीं हुआ। जिसके चलते ही डीसीपी जोन 4





रश्मिता राव द्वारा उसे नागपुर शहर व ग्रामीण परिक्षेत्र से 9 महीने के लिए तड़ीपार करने के आदेश जारी किए हैं। उसे भंडारा के लाखनदूर में उसके रिश्तेदार के यहां ले जाकर छोड़ा गया है। इस दौरान पुलिस ने नागरिकों से आवाहन किया है की तड़ीपारी अवधि के दौरान के अक्षय के शहर में दिखाई देने पर तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष के नंबर 112 पर संपर्क करें।

## दूसरी मंजिल से गिरकर पेंटर की हुई मौत

**नागपुर।** गिट्टीखदान पुलिस थाना अंतर्गत इमारत की दूसरी मंजिल से गिर कर पेंटर की जान चली गई। मंगलवार दोपहर राजू रामाजी भोयर (46) आदर्श नगर, महादुला, गिट्टीखदान स्थित हिमालय सनशाईन बिल्डिंग की दूसरी मंजिल में पेंटिंग कर रहा था. अचानक घोड़ी सहित भोयर गिर गए. उन्हें मेडिकल पहुंचाने पर मृत घोषित कर दिया गया. गिट्टीखदान पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

## नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली

**नागपुर।**



यशोधरा नगर पुलिस थाने के वांजरा ले-आउट परिसर में लावारिस हालत में एक नवजात बच्ची मिलने से हड़कंप मच गया। यह बच्ची करीब एक दिन की बताई जा रही है। सोमवार दोपहर करीब 2:15 बजे के दौरान रहमत खान मोहम्मद खान (52) वांजरा लेआउट निवासी को वस्ती में ही अब्दुल रशीद तसरीर उल्ला अंसारी के घर के पीछे एक छोटी बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी।

उन्होंने आसपास के लोगों के साथ मिलकर जब वहां पर जाकर चेक किया तो उन्हें यह नवजात बच्ची दिखाई दी जिसके बाद इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने इस बच्ची को यहां पर छोड़ने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।





## वार्षिक स्नेह मिलन मनाया

**नागपुर।**

पेंट मर्चेंट एसोसिएशन ने अपना वार्षिक स्नेह मिलन सोत्साह मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच पर मुख्य अतिथि नेक्सन, अध्यक्ष काइद भाई जोहेर, उपाध्यक्ष द्वय प्रदीप रुखियाना,दीपक दुधानी, सचिव शब्बीर आरवीवाला, सह सचिव रमेश पुराणिक, कोषाध्यक्ष पंकज पोपटानी, पूर्व अध्यक्ष मोइज़ हकीमी, सलाहकार समिति के सभापति धारिया उपस्थित थे।

अध्यक्ष काइद जोहेर ने सभी को नववर्ष, दिवाली, ईद मिलन की बधाई दी। मुख्य अतिथि नेक्सन व यूसुफ भाई का पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर सत्कार किया। कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों को विशेष पुरस्कार से मुख्य अतिथि के हस्ते सम्मानित किया गया। रानडे व हातिम भाई को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। विभिन्न प्रकार के खेलों का आनंद उपस्थितजनों ने लिया। मंच संचालन प्रदीप रुखियाना ने बड़े ही शायराना अंदाज में किया।

कार्यक्रम सफ़लतार्थ पूर्व अध्यक्ष अतुल आदमने, सुनील नगरकर, मोइज़ हकीमी, सूरेश पोपटानी, मनोज कुमरले ,वासू कालानी, कार्यकारिणी सदस्य तय्यब भाई, विनोद दुधानी, मोहित जेठानी, खुज़ेम नागपुरवाला ने अथक प्रयास किये।

## प्रतिबंधित नायलॉन मांजा के खिलाफ कार्रवाई

### चार आरोपी गिरफ्तार, 123 चकरी सहित 3.81 लाख का माल जब्त

**नागपुर।**

शहर में प्रतिबंध नायलॉन मांजा की बिक्री चोरी छुपे ढंग से बदस्तूर जारी है। क्राइम ब्रांच की अलग-अलग टीमों ने इस खतरनाक नायलॉन मांझे के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से करीब 123 चक्री नायलॉन मांजा बरामद किया गया है। ये तीनों कारवाई नंदनवन, वाठोडा और कलमना पुलिस थाना अंतर्गत गोपनीय जानकारी मिलने के बाद क्राइम ब्रांच पुलिस की अलग-अलग टीमों ने अंजाम दी।

क्राइम ब्रांच की यूनिट 3 की टीम ने वाठोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत पेट्रोलिंग के दौरान एक दुपहिया गाड़ी (क्र.एम 49 /डीएस 5432 ) पर जाते हुए दो युवकों को आदर्श नगर हनुमान मंदिर के पास गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में शमिम शकील खान (18) आदर्श नगर, नंदनवन और प्रतीक राम श्रीवास्तव (18) धनवंतरी नगर नंदनवन निवासी को 50 चकरी प्रतिबंधित नायलॉन मांजे के साथ पकड़ा है। इस कार्रवाई के दौरान दुपहिया वाहन मोबाइल फोन और मांजे सहित करीब एक लाख 55 हजार रूपयों के माल को जब्त किया गया है। इन दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए नंदनवन पुलिस के हवाले किया गया है।

दूसरी कार्रवाई क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने वाठोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत तरोड़ी गांव की तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर अंजाम दी गई। इस कार्रवाई में आकाश अजय शाहू (23) शक्ति माता नगर नंदनवन निवासी नामक युवक को 15 चकरी प्रतिबंधित नायलॉन मांझे के साथ पकड़ा है। इस कार्रवाई के दौरान उसके पास एक मोबाइल फोन सहित 32000 का माल पुलिस ने बरामद किया है। पूछताछ में उसने इस मांझे को अपने शाहीद नामक साथी से खरीदने की कबूली दी। जिसके बाद उसकी भी तलाश पुलिस कर रही है। पकड़े गए आरोपी को भी आगे के कार्रवाई के लिए वाठोडा पुलिस के हवाले किया गया है।

तीसरी कार्रवाई क्राइम ब्रांच



यूनिट 4 की टीम ने कलमना पुलिस थाने के चिखली चौक चौक पर अंजाम दी। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सेंट्रो कार (क्र.एमएच 31 / सी.एम. 2674 ) में आरोपी खुशहाल सुखदेव शाहू (20) डिप्टी सिग्नल, कलमना निवासी 36 प्रतिबंधित नायलॉन मांजे की चकरी ले जाते हुए पुलिस के हाथ लगा। पूछताछ में उसने मोमिनपुरा निवासी अमित से इस प्रतिबंधित नायलॉन मांजे की खरीदी करने का बताया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल फोन, मांजा और सेंट्रो गाड़ी सहित 1 लाख 94000 रुपयों का माल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए कलमना पुलिस के हवाले किया गया।

कलमना में ही पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान गोपनीय जानकारी के आधार पर दो अलग अलग जगह पर छापामार कार्रवाई कर तीन आरोपियों को प्रतिबंधित नायलॉन मांजे के साथ गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाईयों के दौरान 265 चकरी नायलॉन मांजे सहित 5,30000 रुपये के माल को पुलिस ने बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में अनिल अरुण चौकसे (34) मिनीमाता नगर, कलमना, अनीश लतीफ शेख (19) ,ओम नगर कलमना तथा सद्दाम इस्माइल शेख (32) जूना जेल खाना, संतरा मार्केट, कलमना का समावेश है.

पहली कार्रवाई सोमवार रात करीब 9:45 के दौरान मिनीमाता नगर के एनआईटी गार्डन के पास टीम ने अंजाम दी। अनिल और अनीश के पास से पुलिस ने 42 चकरी प्रतिबंधित नायलॉन मांजा बरामद किया जिसकी कीमत 84000 बताई जा रही है। दूसरी कार्रवाई मंगलवार दोपहर बाद करीब 2:30 के दौरान चिखली चौक के पास अंजाम दी गई। इस कार्रवाई के दौरान इस्माइल शेख से 223 प्रतिबंधित नायलॉन मांजे की चकरी के साथ पुलिस के हाथ लगा। पकड़े गए माल की कुल कीमत 4 लाख 46000 रुपये बताई जा रही है। इन तीनों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### पेच लड़ाने लिए बढ़ रही है नायलॉन मांजा की मांग

मकर संक्रांति के उत्सव को करीब एक महीना शेष है, बावजूद इसके पतंग उड़ाने का शौक रखने वालों पर पतंगबाजी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। इसके लिए खतरनाक प्रतिबंधित नायलॉन मांजे के इस्तेमाल से भी कोई गुरेज नहीं है। लाख कोशिश के बावजूद अभी भी शहर में कई जगहों पर नायलॉन मांजा बिक रहा है। पतंगबाजी के दौरान पेच के लढ़ाने लिए नायलॉन मांजा की डिमांड भी बढ़ जाती है।







CMYK

# गिरिराज कॉटन इंडस्ट्री पर किसानों का आरोप: कम दाम पर कपास खरीदी

वजन में गड़बड़ी और बाल मजदूरी का मुद्दा उठाया

**पारशिवनी.**

पारशिवनी सिमा मैं आमडी गांव के पास गिरीराज कॉटन इंडस्ट्री प्रबधक मनमानी कर हमीं भाव सै कम दाम पर किसानों का कपास खरेदी कर किसानो का आर्थिक नुकसान कर रहा हे।वहीं बजने काटे मैं भी गड़बड़ी किये जाने का आरोप किसानों द्वारा लगाया जा रहा है। दलालों के कपास को वाजीब दाम देकर दलालों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वही किसान के कपास को माऊसचंराझर का बहाना बताकर कम दाम मैं कपास खरेदी किया जाने सै किसानों का आर्थिक नुकसान होने सै आखिर कार सोमवार को किसानो का शिष्टमंडल पारशिवनी तहसिलदा सै मिलकर निवेदन के माध्यमं सै शिकायत कर गिरीराज कॉटन इंडस्ट्री के खिलाफ कारवाई की मांग की गई है। नियमों को ताक पर रख कर हम करें सो कायदा की तर्ज पर किसानों सै बर्ताव करने किसानों को परेशानी करने का काम किया जा रहा है। जिस सै किसानो को आर्थिक नुकसान सै झुंजना पंड रहा है। जब की बाल मजदुरो सै काम करवाने का भी आरोप निवेदन के माध्यम सै किया गया है। कपास खरेदी करते समय भाव निर्धारित किया जाता है ।पर आधी अधुरी गाड़ी खाली होने पर बहसबाजी कर कपास मै खोट निकालकर किसानों के कपास को कम दाम दिया जाता है। ग्रेडर तथा प्रबंधक की मिली भगत सै किसानों के कपास को कम दाम मैं खरीद कर किसानो का आर्थिक नुकसान हो रहा है।

प्रबंधक द्वारा बारह बारह घंटे मजदुरो सै कम मजदुरी पर काम करवाया जा रहा है।जिस सै मजदूरोका शोषण हो रहा है। वहीं बाल मजदूरी भी यहां हो रही है। अट्ठारा साल सै कम उम्र वाले बच्चों सै काम करवाया जाने सै यहां बच्चों का शोषण हो रहा है ।इस तरह का आरोप निवेदन मैं किया गया है। बाहरी राज्य सै बडे वाहनों मैं कपास यहां ला कर खरेदि किया जा रहा है।wजिस सै सेंस का बंटवारा आपस मैं ही बांट कर कूषी उत्पन्न बाजार समीती को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का काम किया जाने का आरोप किया गया है। सोमवार को स्थानिक किसानों के साथ मजदुर वर्ग राजू भोसकर शिवसेना तालुकाप्रमुख की अगवाई मैं तहसिलदार को लिखित निवेदन दिया जिस मै बन्सी डोमाजी खंडाईत, रामविशाल खंडाईत, वाल्मीक गडे, मोरेश्वर बरबटे, अशोक शिवाजीमायवाडे, संजय गुलाब जी झाडे विक्की भोस्कर, अनील भुतांगे शयामील थे।



## प्रबंधक ने आरोपों को बेबुनियाद बताया

लगायें गये आरोप बेबुनियाद है। आरोपों मैं सच्चाई नहीं होते हुए बेवजह कम्पनी को बदनाम किया जा रहा है। जब की कॉटन इंडस्ट्री द्वारा निर्धारित की गई सभी शर्त के अनुसार गिरीराज कॉटन इंडस्ट्री नियमों का पालन करते हुए संचालन कर रही है। गर किसी प्रकार कि शिकायत हो तो जांच की जाये। पर झुटे आरोप लगाकर बे वजह किसानों मै भ्रम निमार्ण करना उचित नहीं।

## राजू भोसकर: शिवसेना तालुका प्रमुख पारशिवनी तालुका।

आये दिन गिरीराज कॉटन इंडस्ट्री के खिलाफ किसानों को वाजुब शिकायतें मिल रही है। जब की किसान मजदुर पहले ही परेशानी का सामना कर रहा हें ।वहीं आमडी स्थित कॉटन इंडस्ट्री मैं अनियमितताएं नियमों की अनदेखी के मामले सामने आ रहै है. इस की शिकायत संबंधित प्रशासन तथा तहसिलदार को लिखित शिकायत कर दि गई है। उचित कार्रवाई करने की मांग निवेदन के माध्यम सै की गई है।

# तैलिक समाज ने मनाई संत जगनाड़े महाराज की जयंती



**कामठी.**

संत जगनाडे महाराज की जयंती रविवार को रोडबा सुपारे नगर परिसर कामठी स्थित तैलिक समाज कार्यालय में मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत तैलिक समाज के अध्यक्ष राधेशाम हटवार की अध्यक्षता में संस्था के मार्गदर्शक गोपालराव वंजारी द्वारा छवि पर माल्यार्पण एवं रमेश वाडीभस्मे, श्रीकांत शेंद्रे, सचिव शंकर वाडीभस्मे, उपाध्यक्ष सविता कुल्लरकर, महिला समिति की सावित्री तेलरांधे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई. इसके बाद पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनों द्वारा महाराज की सामूहिक आरती की गई एवं प्रसाद वितरित किया गया.

कार्यक्रम का समापन सर कस्तूरचंद डागा बालसदन कामठी में बच्चों को फल एवं भोजन वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया. उपरोक्त कार्यक्रम में हरिहर गायधने, सुरेश भनारे, मुकेश चकोले ताराचंद मुंडले, भैयालाल माकाडे, ज्ञानेश्वर वंजारी, प्रभाकर गायधने, राधेश्याम मानकर, गजानन वैद्य, दिनेश आष्टनकर, आनंद चकोले, सुधाकर डोकरीमारे, ओमकार बावनकुले, योगेश गायधने, रिद्धेश पाटिल, सुप्रीत वाडीभस्मे, हिमांशु गायधने, माधुरी वंजारी, जया वाडीभस्मे, उषा कारेमोरे, हर्ष लता पाटिल, सुनंदा वाडीभस्मे, गीता गायधने ने सहभाग लेकर कड़ी मेहनत की.

# अली पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बालापुर.**

स्थानीय राज़ माइनोरिटी एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित अली पब्लिक स्कूल, बालापुर में विद्यार्थियों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं और एक्टिविटीज द्वारा शिक्षण देने के प्रयास किये जा रहे हैं जिसमें स्कूल को सफलता मिलते नजर आ रही है। यही वजह है कि स्कूल में चल रही विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थी और उनके अभिभावक पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हैं।

इसका एक उदाहरण आज देखने को मिला जब प्री प्राइमरी विद्यार्थियों के लिये फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और प्राइमरी विद्यार्थियों के लिये ओरिगेमी और क्ले मोल्डिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। नर्सरी से यूकेजी के नन्हे बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में फल,फूल और भारत के स्वतंत्र सैनानी जैसे विषयों पर एक से बढ़ कर एक ड्रेस पहन कर इनका किरदार पेश किया जबकि पहली से चौथी क्लास के विद्यार्थियों ने ओरिगेमी पेपर और क्ले का इस्तेमाल कर के सुंदर और आकर्षित





विभिन्न मॉडल तैयार किए। स्कूल की प्रिंसिपल अंबर काज़िम ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में क्रिएटिविटी पैदा करना और आत्मविश्वास बढ़ाना है. इन प्रतियोगिताओं के आयोजन में कल्चरल कमिटी इंचार्ज अफीफा यास्मीन और इफ्फत जमाल के साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने कठिन प्रयास किये।

# रक्तदान शिविर संपन्न

**कन्हान.**

महाराष्ट्र प्रांतिक तैलिक महासभा टेकाडी(को.ख) द्वारा श्री.संत शिरोमणी जगनाडे महाराज जयंती के अवसर पर भव्य रक्तदान शिबिर, कीर्तन व महाप्रसाद का आयोजन किया गया. रक्तदान शिबिर मे 29 रक्तदाताओणे रक्तदान किया. रक्तसंकलन रेनबो ब्लड बँक रामदासपेठ द्वारा किया गया. शाम 6 बजे से 8 बजे तक ह .भ. प. पंकज महाराज पवार का कीर्तन आयोजित किया गया. कीर्तन के समाप्ती के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम को सफल बाणाने के लिये महाराष्ट्र प्रांत तैलिक महासभा टेकाडी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# पूर्व पार्षद भुट्टो ने किया प्रभाग का दौरा

## सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**नागपुर.**



पूर्व नगरसेवक ज़ुल्फेकार अहमद भुट्टो ने हाल ही में अपने प्रभाग का दौरा किया और क्षेत्र में फैली गंदगी को लेकर स्वास्थ्य विभाग को कड़ी फटकार लगाई।

प्रभाग में सफाई के अभाव पर नाराजगी जाहिर करते हुए भुट्टो ने नागपुर महानगर पालिका के अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण आम नागरिकों को प्रतिदिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दौरे के दौरान भुट्टो ने एनएमसी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर स्वयं कीटनाशक का छिड़काव करवाया और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभाग में सफाई व्यवस्था की स्थिति काफी चिंताजनक है। गंदा और दूषित पानी सड़कों पर जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ रही है, जिससे कई गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा है। शहरवासियों की समस्याओं को हल करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं दिलाने के लिए पूर्व नगरसेवक ज़ुल्फेकार अहमद भुट्टो हमेशा सक्रिय रहते हैं और ज़मीन पर उतरकर काम करते हैं।

# संत जगनाड़े महाराज जयंती की मनाई गई

**काटोल.**

श्री संत जगनाडे महाराज की 400 वीं जयंती काटोल में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। श्री संत जगनाडे महाराज जयंती उत्सव समिति द्वारा 7 और 8 दिसंबर 2024 को संताजी मंदिर, संताजी नगर (लक्ष्मी नगर) काटोल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें 07 दिसंबर को सुबह 10 बजे संत जगनाडे महाराज की प्रतिमा का पूजन व माल्यार्पण किया गया. साथ ही सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे के बीच न्यूरोलॉजिस्ट, हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग एवं लेजर विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, पल्मोनोलॉजिस्ट एवं मेडिसिन विशेषज्ञ सहित नागपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों के दल द्वारा उपस्थिति के स्वास्थ्य की जांच एवं दवा का वितरित किया गया.

उक्त स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण अस्पताल काटोल द्वारा भी सहयोग किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में नौ सौ आठ (908)मरीजों के



स्वस्थ जांच से लाभान्वित हुए .साथ ही लाइफ लाइन ब्लड बैंक रक्तपेढ़ी नागपुर के माध्यम से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 73 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

शाम को रास गरबा' और 'आनंद मेलावा' का आयोजन किया गया, गरबा नृत्य को महिलाओं का उत्साहपूर्ण प्रतिसाद मिला, आनंद मेलावा में कई स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। 8 दिसंबर की सुबह श्री संत जगनाडे महाराज की प्रतिमा की पूजा की गई और माल्यार्पण किया गया। भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में महापुरुषों, अनेक संतों के दार्शनिक, झाँकियाँ, भजन मंडल दिंडी, की शोभायात्रा निकाली गईं।

इस शोभायात्रा के माध्यम से समाज को सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया गया. शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में भाविक और समुदाय के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान कई स्थानों पर भक्तों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। यह शोभायात्रा पेठबुधवार, विट्ठल रुक्मिणी मंदिर से शुरू हुआ और काटोल शहर के मुख्य मार्ग से भ्रमण करता हुआ श्री संताजी मंदिर में संपन्न हुआ।

संताजी मंदिर में श्री रामजी बाड़ी की मधुर वाणी से दही काले का कीर्तन किया गया. इस धर्म उत्सव के अवसर पर समाज के हजारो महिला /पुरुषों की उपस्थित थी। इसमें 08 तारीख की शाम हजारों लोगों ने महाप्रसाद का लाभ उठाया।

इस समारोह के समापन पर पुरस्कार वितरण एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संताजी उत्सव समिति के अध्यक्ष एड.उपेन्द्र खंते ने की, मुख्य अतिथि गणेश चन्ने, हेमन्त कवाडकर, संदीप वंजारी, हेमराज सावरकर, हेमराज चरडे, घनश्याम भस्मे, संजय रेवतकर भाऊरावजी नासरे उपस्थित थे तथा कार्यक्रम का प्रास्ताविक गणेश चन्ने ने द्वारा किया गया।इस धर्म उत्सव के अध्यक्ष एड उपेंद्र खंते ने अपने मनोगत में उत्सव समिति के माध्यम से इस वर्ष की गई गतिविधियों की जानकारी दी तथा भविष्य में भी समाजजनों से इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र वाघमारे ने किया तथा आभार देवेन्द्र बालपांडे ने माना .कार्यक्रम की सफलता के लिए समाज के अनेक सदस्यों ने सहयोग किया।

# डॉ. गोड़घाटे ने बढ़ाया नागपुर का गौरव

**नागपुर.**

नागपुर के प्रख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. निनाद अशोक गोडघाटे ने प्रतिष्ठित मेम्बरशिप ऑफ द रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स परीक्षा पास कर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने इस वर्ष अक्टूबर में लंदन में आयोजित कठिन पार्ट बी अंतिम परीक्षा को पहली ही कोशिश में सफलतापूर्वक पास किया। यह उनकी सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता को दर्शाता है।

एमआरसीएस प्रमाणपत्र को वैश्विक स्तर पर एक कठिन परीक्षा के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो किसी सर्जन की दक्षता, क्षमता और उच्च विशेषता स्तर पर काम करने की तैयारी का आकलन करता है। इस परीक्षा को पास करना डॉ. गोडघाटे की स्वास्थ्य सेवा के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। डॉ. निनाद गोडघाटे और उनकी पत्नी, डॉ. नेहा गोडघाटे, दोनों ही कुशल



ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं और नागपुर के वर्धा रोड पर स्थित ग्रेस ऑर्थो केयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक हैं। यह दंपति अपनी मेडिकल टीम के साथ मिलकर ऑर्थोपेडिक के क्षेत्र में उन्नत चिकित्सा सेवाएं और अत्याधुनिक इलाज प्रदान करने के लिए समर्पित है।

डॉ. निनाद गोडघाटे की इस उपलब्धि पर ग्रेस ऑर्थो केयर की टीम और नागपुर के चिकित्सा जगत ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। यह सफलता न केवल नागपुर शहर के लिए गर्व का विषय है, dबल्कि भविष्य के सर्जनों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

# एक किलो सोना 28 लाख में, लालच में गंवाए 18 लाख रुपये

**कोंढाली.**

कोंढाली-नागपुर अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 53 (06) कोंढाली के पास अंकलेश्वर ढाबे पर 9 दिसंबर के दोपहर 1:00 से 1:30 बजे के बीच अमरावती जिले के वरूड निवासी गजानन सुखदेव ब्राह्मणे (43) को सस्ती दरों पर अधिक सोना देने की चर्चा हुई। चर्चा के बाद

गजानन ने 18 लाख रुपए नकद दिये और बाकी 10 लाख रुपए के लिए आरोपियों के साथ गजानन अपने गांव वरुड जा रहा था. इस बीच आरोपियों गजानन से को मारपीट कर गाड़ी से नीचे उतार दिया और 18 लाख ले कर भाग गये. गजानन सुखदेव ब्राह्मणे वरुड का रहने वाला है। उसका मत्स्य व्यवसाय है। एक महीने पहले, गजानन और आरोपी के बीच एक किलो सोने के लिए 28 लाख रुपये देने पर सहमत हुए। इस बीच विधानसभा चुनाव के दौरान कड़ी सुरक्षा होने के कारण आरोपी ने फिर्यादी गजानन के साथ सोने के आदान-प्रदान के मामले पर फिर से चर्चा की, इस सौदे के अनुसार, 9 दिसंबर को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 53 के अंकलेश्वर ढाबे पर 28 में एक किलो सोने का सौदा हुआ. फिर्यादी तथा आरोपियों बीच एक बैठक शुरू हुई।

लेन देन के लिए जब गजानन ने आरोपियों को 18 लाख रुपये नकद दिए, तो आरोपियों ने गजानन को दिखाया कि बाकी सोना उनके पास होने की जानकारी दी। गजानन ने 10 लाख रुपए देने के लिए आरोपी की गाड़ी नंबर एमएच 43 ए आर 73 99 मरासडी की कार में बैठकर गजानन और आरोपी साथ वरुड जा रहे थे इस बीच



## नकली पुलिस की संलिप्तता

आरोपी ने उसकी गाड़ी को कारंजा टोल नाके के पास से, अपनी गाड़ी को वापस मोड़ लिया और तेज गति से काटोल की ओर भाग गया, इसी बीच काटोल पास के गजकेसरी होटल के पास पहुंचा,इस घटना में दो गाड़ियों में आठ व्यक्ति पुलिस के वेश में आए।

नकली पुलिस के काफिले ने गजानन ब्राह्मणे के गाड़ी को रोका जिसमें गजानन बैठा था और गजानन के पास जाकर उसकी पिटाई कर दी और गाड़ी के नीचे धक्का दे दिया और भाग गये. गजानन ने इस घटना की जानकारी अपने दोस्त को दी. घटना घटना कोंढाली पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर थी, इसलिए उसने कोंढाली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। घटना की जानकारी देर रात तक कोंढाली पुलिस स्टेशन में दी गई, इसलिए घटना की गंभीरता को देखते हुए कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी और उनके स्टाफ ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी काटोल उपविभागीय पोलिस अधिकारी बापू साहेब-रोहोम के मार्गदर्शन में कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी ए स्टाफ आगे की जांच कर रहे है.

# परेड के दौरान एनसीसी के प्रशिक्षक की हुई मौत

**नागपुर।**

सेना के परेड मैदान में ड्रिल के दौरान एनसीसी के प्रशिक्षक की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की सुबह हुई। गणेश कोकणी (49) नवापुर, रायगढ़ है। कोकनी एनसीसी प्रशिक्षक है। वह प्रशिक्षण के लिए कामठी के गार्ड रेजिमेंट सेंटर आए थे।

सुबह 6.30 बजे परेड मैदान में चक्कर आने से गिर पड़े। अस्पताल पहुंचाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जुनी कामठी पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

# 'प्रेरणा प्रवाह' समारोह 14 व 15 को

**नागपुर।**

स्व. मदनलाल सोनी के जन्म शताब्दी के अवसर पर 'प्रेरणा प्रवाह' समारोह का आयोजन 14 व 15 दिसंबर को माहेश्वरी भवन, उमिया इंडस्ट्रियल एरिया, भंडारा रोड में आयोजित किया गया है। श्याम सोनी, श्रीगोपाल सोनी ने बताया कि 14 दिसंबर को सुबह 9 बजे अथर्वशीर्ष 1008 पाठ व श्री गणेशजी महाअभिषेक होगा। इसी दिन दोपहर 1 बजे आत्मीय मिलन समारोह, दोपहर 4:30 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ, शाम 7 बजे 'संस्कार ही परिवार की सच्ची समृद्धि' पर गुरुकुल ऑफ गौरांग वैदिक शिक्षा संस्थान के संस्थापक डॉ.वृन्दावन चंद्र दास का उद्बोधन, शाम 7:45 बजे 'आध्यात्मिकता:



व्यक्तित्व की पूर्णता का मार्ग' पर गुरुकुल ऑफ गौरांग वैदिक शिक्षा संस्थान, गोवर्धन के दुनिया के सबसे छोटे 4 वर्ष के आध्यात्मिक गुरु भक्त भागवतदास ब्रम्हचारी के विचार, रात 8:15 बजे 'विनम्रता से परोपकार की यात्रा' पर जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री झलारिया पीठाधिपति श्री श्री 1008 श्री स्वामीजी घनश्यामचार्यजी महाराज का आशीर्वचन, स्व.मदनलालजी सोनी का जीवन चित्र, रात 8:30 बजे भजन गायक श्याम शुभम की भजन संध्या होगी।


रविवार, 15 दिसंबर सुबह 9 बजे तुला दान, सुबह 10 बजे जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजयशंकर मेहता "तुम पालनहार हमारे" पर विचार रखेंगे। दोपहर 2 बजे 'परिवार की शक्तिः हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा' पर रामजन्मभूमि न्यास, अयोध्या के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरिजी महाराज अपने विचार रखेंगे। समाज बंधुओं से उपस्थिति की अपील कमलाबाई सोनी, उषा श्याम सोनी, शीला श्रीगोपाल सोनी, रूपाली शरद सोनी, आयुषी श्रीकांत सोनी, विहान सोनी ने की है।

# ट्रक और मोटरसाइकिल में भिड़ंत, एक मृत, एक घायल

**पारशिवनी.**

पत्ता गोभी आयसर ट्रक में लादकर तेज गति से पारशीवनी होते हुए आमडीफाटा की और जा रहे ट्रक ने विपरित दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल को भीषण टक्कर मारी जिसमें मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा अज्ञात बुरी तरह घायल हो गया। यह घटना सोमवार की शाम आठ बजे नया कुंड ग्राम के पास हुई.घटना में घायल एक व्यक्ति को पारशिवनी पुलिस ने पारशिवनी के ग्रामीण अस्पताल में दाखिल किया. जहां उसे पारशिवनी सै नागपुर इलाज के लिए भेजा गया.

मोतीलाल जगने, भानेगाव खापरखेडा. निवासी आमडी फाटा कि और से मोटरसाइकिल से पारशिवनी की और डबल सीट आ रहा था. कि अचानक नया कुंड ग्राम के पास तेज



रफ्तार से आ रहे आयसर ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी दि. जिस में मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं एक अज्ञात बुरी तरह घायल हो गया. मोटरसाइकिल सवार को रोदते हुए ट्रक चालक घटनास्थल से ट्रक के साथ भाग गया. घटना की जानकारी पारशिवनी पोलीस विभाग के आला अफसर थानेदार राजेश कुमार थोरात तुरंत दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर परिस्थिति को नियंत्रित करते हुए आयसर ट्रक चालक को गिरफ्तार किया.पिछले कई दिनों से सावनेर की और सै पारशिवनी आमडी फाटा होते हुए जबलपुर की और पत्ता कोबी आयसर ट्रक में ले जा रही है.

पर आयसर ट्रक चालक बड़ी तेजी से इन रास्तों से गुजरते रहते हैं. अंधाधुंध रफ्तार से वाहनों की गति होने से अनेक दुर्घटना होती रहती है. फिर भी पोलीस विभाग, परिवहन विभाग किसी प्रकार की कारवाई ट्रक चालकों के खिलाफ नहीं करने से आये दिन जान लेवा घटनाएं होतु रहती है. जिसमें निरपराध लोगों को जान गवानै तक की घटना ये शामिल है. स्थानिकों द्वारा तेज गति से चलने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करने की मांग की पुलिस विभाग से की गई है.

# कमिंस कॉलेज में वार्ता का आयोजन



**नागपुर.**

कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वूमेन, नागपुर, एमकेएसएस के मैकेनिकल विभाग ने विभाग के छात्रों के लिए एक औद्योगिक विशेषज्ञ द्वारा एक वार्ता का आयोजन किया। विशेषज्ञ विभाग के पूर्व छात्र, कु. जागृति खटकर टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड में सहायक प्रबंधक हैं। कु. जागृति ने विद्यार्थियों को सप्लाई चेन मैनेजमेंट एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को इस क्षेत्र में नौकरियां तलाशने और चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में मैकेनिकल लड़कियों के लिए नौकरी के अधिक अवसर हैं। इन विशेषज्ञों के भाषण के लिए विभाग के प्रोफेसर मौजूद थे। प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापुरकर एवं डॉ. शैलेश खेकाळे के मार्गदर्शन एवं सहयोग से कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर आदित्य कवडसकर ने किया।

# ओमनगर दुर्गा मंदिर में 16,17 को यज्ञ

18 को होगी शिवलिंग की स्थापना

**कामठी.**

रणाला स्थित ओमनगर दुर्गा मंदिर में ओम नगर दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान से 16 से 18 जनवरी तक तीन दिवसीय सरलीकरण यज्ञ व शिवलिंग स्थापना कार्यक्रम विद्वान आचार्यों के वेद ऋचाओं के साथ किया जाएगा.

आयोजित बैठक में ओम नगर दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल, उपाध्यक्ष उदय सिंह यादव, मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, सदस्य राजेश पिल्ले, सदस्य अशोक ठाकरे, सदस्य प्रकाश ससानकर, नीलम राजकुमार सिंह बघेल, सदस्य नीलम राजकुमार सिंह बघेल, सदस्य भारती ठाकरे, सदस्य रश्मि जैन सहित पंडित रघुवर प्रसाद मिश्रा व मंदिर व्यवस्थापक पुरुषोत्तम वघरे ने निर्णय लिया है कि तीन दिवसीय सरलीकरण यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहेगा है तथा सैकड़ों ग्रामीण शामिल होकर धर्म की गंगा में डुबकी लगाएंगे. तीन दिवसीय सरलीकरण यज्ञ में भव्य जल कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा




तथा शिवलिंग स्थापना व पूर्णाहुति तथा महाप्रसाद के साथ तीन दिवसीय सरलीकरण यज्ञ का समापन होगा.

तीन दिवसीय सरलीकरण यज्ञ में विद्वान आचार्यों की वेद ऋचाओं, महिलाओं के धार्मिक भजनों, भक्तों के बम-बम भोले के उद्घोषों व स्थानीय वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों से ओमनगर दुर्गा मंदिर प्रांगण का वातावरण भक्तिमय बना हो जाएगा.उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन से क्षेत्र में खुशहाली के साथ ग्रामीणों में आपसी सौहार्द बना रहता है! उन्होंने बताया कि अथक प्रयासों से ओमनगर दुर्गा मंदिर विस्तारीकरण निर्माण कार्य पूरा हुआ है ! उन्होंने यह भी बताया कि तीन दिवसीय सरलीकरण यज्ञ व शिवलिंग स्थापना में क्षेत्रवासी पूर्ण योगदान दे रहे है. सरलीकरण यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर शिव भक्त शामिल होकर विश्व समृद्धि व क्षेत्र के खुशहाली की कामना करेंगे.

# रेत तस्करी के खिलाफ राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी आक्रामक

**> सरकार की लचर कार्रवाई पर एनसीपी का सड़कों पर प्रदर्शन > राष्ट्रवादी कांग्रेस {शरदचंद्र पवार} का पार्टी जिलाधिकारी को ज्ञापन**

**हिंगनघाट.**

हिंगनघाट और समुद्रपुर तालुका में रेत डिपो के आड़ से चौबीसों घंटे रेत का उत्खनन किया जा रही है।पिछले दो साल से यही चल रहा है और करोड़ों रुपये के राजस्व की चोरी हो चुकी है. अब भी उसी तरह की रेत की तस्करी हो रही है और हालांकि सरकार की मंशा आम जनता को सस्ते दाम पर रेत उपलब्ध कराने की है, लेकिन रेत माफिया नियमों को बगल देते देख रहे हैं.

हिंगणघाट के शेकापुर (बाई) में येली रेत डिपो, दरोदा रेत डिपो, खूनी (सेवा) रेत डिपो, आजनसरा में सावंगी रेत डिपो, साथी रेत डिपो और समुद्रपुर में मांडगांव रेत डिपो जैसे रेत डिपो हैं।वना, वर्धा नदी के लगभग सभी रेत घाट इस रेत डिपो से जुड़े हुए हैं।लेकिन, डिपो मालिक इस डिपो पर बालू डंप न कर अवैध रूप से पोकलैंड मशीनों, मैकेनिकल नावों व टिपर के माध्यम से नदी तल में रेत निकाल कर बिक्री किए जा रही है वे 24 घंटे सीधे नदी तल से पंपिंग कर रहे हैं और सरकार के सभी नियमों को रौंद कर रखा है. कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के





सामने 24 घंटे रेत से भरी गाड़ियां भर के जा रहे हैं। न सिर्फ जिले में बल्कि अकोला जिले और अमरावती जिले के लिए हिंगनघाट और समुद्रपुर से श्रृंखला चैन के माध्यम से रेत बेची जा रही है.

इस वजह से सरकार ने सभी बालू डिपो और बालू घाटों की वीडियो रिकॉर्डिंग कराके हम देनी चाहिए और हमसे चर्चा करनी चाहिए कि इन सभी अनधिकृत बालू तस्करी के खिलाफ कैसे कार्रवाई की जाएगी हम इस पूरे रेत डिपो से एक भी वाहन की रेत चोरी होने नहीं देंगे.बालू डिपो में बालू जमा कर सरकार द्वारा निर्धारित दर पर नागरिकों को उपलब्ध कराया जाए. नियमानुसार बालू घाट जाने वाले डिपो होल्डरों की सूची व जीपीएस ट्रक नंबर हमें उपलब्ध कराया जाए. हम बालू डिपो की आड़ में किसी भी तरह की बालू चोरी बर्दाश्त नहीं करेंगे.

> **मुख्य मांगें**
>
> सभी रेत डिपो और घाटों की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाए।
> अवैध रूप से हो रहे रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए।
> रेत डिपो संचालकों की सूची और जीपीएस से लैस ट्रक नंबर सार्वजनिक किए जाएं।

एनसीपी शरद चंद्र पवार की पार्टी की ओर से ज्ञापन दिया गया है कि अगर सरकार रेत तस्करी पर अंकुश लगाने में असमर्थ है, तो वे सड़कों पर उतरेंगे और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे और विधान भवन में इस बारे में सवाल उठाएंगे.

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद चंद्र पवार जिला अध्यक्ष सुनील राऊत, प्रदेश महासचिव अतुल वांदीले, अध्यक्ष महेश झोटिंग पाटिल, कृषि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रभाकर रेवतकर, ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रशांत घवघवे, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील डोंगरे, जिला उपाध्यक्ष अशोक वांदीले, प्रदेश महासचिव हिमायु मिर्जा बेग, जिला महासचिव दशरथ ठाकरे, परिवहन जिला अध्यक्ष शेखर जाधव, श्रीकांत भगत, पूर्व जिला परिषद सदस्य मिलिंद कोपुलवार, अमोल बोरकर, विजय तमगाडगे, राजेश भाईमारे, सिंधी रेलवे युवा शहर अध्यक्ष तुषार हिंगणेकर, हिंगनघाट तालुका युवा अध्यक्ष राहुल वानखेड़े, सुनील भूते, महादेव वांदीले, पुरूषोत्तम कांबले, उमेश नेवारे, अनिल लांबट, अजय पर्बत, मनोज मुरार, आशीष जाधव, नितिन भूते, सिद्धार्थ मस्के, प्रवीण कलोडे, संदीप सोनटक्के, गजानन महांकाळकर, विष्णु वाघमारे, करीम खान, सुनील घोडखड़े, प्रवीण भूते, विशाल घोडे, सुशील घोडे, विपुल थुल, राहुल जाधव, आकाश हुरले, दौलत येलगुंडे, खुशाल चौधरी, विशाल माथनकर, नंदू काले, कुणाल गोल्हर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# 3 मोटरसाइकिल चोर पुलिस की हिरासत में

-चोरी की 11 मोटरसाइकिल बरामद

गोंदिया. स्थानीय अपराध शाखा पुलिस गोंदिया के पथक को गोंदिया जिले में विभिन्न पुलिस स्टेशन में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरणों के आरोपियों की जांच एवं चोरी की मोटरसाइकिल का पता लगाने के दौरान गोपनीय जानकारी मिली कि मामा चौक गोंदिया निवासी यश गुप्ता के पास चोरी की मोटरसाइकिल है और वह उनकी बिक्री करने वाला है। जानकारी के आधार पर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी कर बिक्री करने वाले आरोपी मामा चौक गोंदिया निवासी यश रमेश गुप्ता (20) को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि खापर्डे कॉलोनी गोंदिया निवासी लोकेश माणिकचंद रिनाईत (21) एवं अंगूर बगीचा गोंदिया निवासी राहुल उर्फ चंगा सुपचंद लिल्हारे (23) ने मोटरसाइकिल बिक्री के लिए उसे लाकर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने उन दोनों को भी नागपुर से हिरासत में लिया। तीनों आरोपियों से जिले के विविध पुलिस स्टेशन में दाखिल मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों के संबंध में विस्तार से पुछताछ की गई तो तीनों आरोपियों ने पुलिस स्टेशन रामनगर, रावणवाड़ी, गोंदिया शहर की सीमा के अंतर्गत एवं भंडारा तथा नागपुर जिले से मोटरसाईकिलों की चोरी कर लाने की बात की पुष्टी हो गई। तीनों आरोपियों के कब्जे से गोंदिया जिले के रामनगर, रावणवाड़ी तथा गोंदिया शहर पुलिस थाना क्षेत्रों तथा भंडारा एवं नागपुर जिले से चुराई गई कुल 11 मोटरसाईकिले बरामद की गई। बरामद की गई मोटरसाइकिल की कीमत 8 लाख 35 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी एवं जब्त की गई मोटरसाइकिल रामनगर पुलिस के हवाले कर दी गई है। आगे की कार्रवाई एवं जांच रामनगर पुलिस द्वारा की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के आदेश एवं एलसीबी के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदार प्रकाश गायधने, दुर्गेश तिवारी, इंद्रजीत बिसेन, सुबोध बिसेन, चालक पुलिसकर्मी राम खंदारे एवं मुरली पांडे ने की है।

# कल ग्रापं कर्मचारियों का बेमियादी धरना आंदोलन

**गोंदिया.**

महाराष्ट्र राज्य ग्राम पंचायत कर्मचारी महासंघ (आयटक) गोरेगांव तहसील शाखा की ओर से 12 दिसंबर को ग्राम पंचायत कर्मचारियों की न्यूनतम वेतन फर्क की राशि कर्मियों के बैंक खातों में जमा करने की मांग को लेकर गोरेगांव पंचायत समिति के समक्ष बेमियादी धरना आंदोलन किया जाएगा।

महासंघ के नेतृत्व में न्यूनतम वेतन फर्क की मांग के लिए राज्यभर हुए राज्यव्यापी आंदोलन के बाद राज्य के ग्राम विकास विभाग ने 19 माह के वेतन फर्क की राशि देने की बात मान्य की। जिसके बाद राशि जिला परिषद को भेजी गई। नियमानुसार पंचायत समिति के माध्यम से दीपावली पूर्व कर्मचारियों के बैंक खातों में राशि जमा करना आवश्यक था। गोरेगांव पंचायत समिति को छोड़ सभी ने राशि कर्मचारियों को दे दी। लेकिन गोरेगांव पंस द्वारा राशि नहीं दी गई। तहसील महासंघ के अध्यक्ष तुलसीदास चौधरी व तहसील सचिव बुधराम बोपचे ने बार-बार निवेदन भी दिया। बावजूद गोरेगांव पंचायत समिति की ओर से यह राशि कर्मचारियों को अदा नहीं की गई।

जिसकी वजह से ऐन दीपावली के समय कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। 2 दिसंबर को महासंघ्ज्ञ के प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर 11 दिसंबर तक कर्मचारियों के वेतन फर्क की राशि जमा करने की बात कही है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो 12 दिसंबर को गोरेगांव पंचायत समिति के समक्ष बेमियादी धरना आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है।

यह आंदोलन महासंघ के राज्य कार्याध्यक्ष मिलिंद गणवीर, जिला अध्यक्ष चत्रुगण लांजेवार, तुलसीदास चौधरी, बुधराम बोपचे के नेतृत्व में किया जाएगा। आंदोलन में अधिक से अधिक कर्मचारियों को शामिल होने की अपील मिथुन राहुलकर, दीपाली गौतम, सोमेश्वर राऊत, निलेश मस्के, हिरोज राऊत, चंद्रशेखर कावले, रामेश्वर वाघाडे ने की है।

## कांग्रेस छोड़कर अन्यत्र जाने का प्रश्न ही नहीं

**गोंदिया.** आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पूर्व विधायक सहषराम कोरोटे का कहना है कि वे सिटिंग विधायक रहने के बावजूद उन्हे विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से टिकट नहीं दिया गया। इसके बावजूद उन्होने न तो पार्टी का विरोध किया और न ही निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। इसके बावजूद कुछ लोग उनकी सार्वजनिक छवि को मलीन करने के लिए उनके पार्टी छोड़कर अन्य दलों में जाने की अफवाहों को बल दे रहे है, जो पुरी तरह गलत है।

उन्होने अपने विधानसभा के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया है और क्षेत्र की जनता के सेवा में हमेशा तत्पर रहे है। राजनितिक जीवन में उतार-चढ़ाव सामान्य बात है। वे भविष्य में भी क्षेत्र की जनता के सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। रही बात उनके अन्य राजनितिक दलों में प्रवेश की तो यह पुरी तरह बेबुनियाद और निराधार है और पार्टी कार्यकर्ताओं में संभ्रम निर्माण करने का प्रयास है, जो पुरी तरह गलत है। उन्होने कहा कि वे कांग्रेस के कार्यकर्ता है और पार्टी में रहकर ही संगठन का कार्य करते रहेंगे।

## मानव सहित समपार फाटक कुछ दिनों के लिए रहेंगे बंद

**गोंदिया.** दपूमरे नागपुर मंडल द्वारा संरक्षा के मद्देनजर रखरखाव कार्य के लिए सालेकसा-धानोली पैसेंजर हाल्ट के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक 488 तथा 487 को अस्थायी रूप से तीन दिनों के लिए बंद किया जा रहा है। जिसमें सालेकसा-धानोली पैसेंजर हाल्ट के मध्यम किमी 964/19-21 पर स्थित मानव सहित समपार (गढ़माता गेट) क्रमांक 488 को 11 से 13 दिसंबर 2024 तक अस्थायी रूप से रखरखाव कार्य हेतु रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद किया जा रहा है। उसी प्रकार मानव सहित समपार फाटक क्रमांक 487 को 15 से 17 दिसंबर तक अस्थायी रूप से रखरखाव कार्य हेतु बंद किया जा रहा है। गेट बंद होने की स्थिति में समपार फाटक क्रमांक 486 से वाहन चालकों के लिए सुविधा प्रदान की गई है।

# मनमर्जी से कामकाज करने वाले अभियंता पर निलंबन की कार्रवाई

**गोंदिया.**

मुख्यमंत्री जल संवर्धन योजना अंतर्गत तहसील के बोड़दे कवठा स्थित माता तालाब गुट क्रमांक 31 की पाल को फोड़कर मनमर्जी से काम कर किसानों को नुकसान पहुंचानेवाले अभियंता मायकल फुंडकर को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से तहसील के प्रशासकीय अमले में खलबली मच गई है। लेकिन तालाब की पाल फोड़ने के बाद किसानों के खेतमाल को जो नुकसान पहुंचा है, उसकी नुकसान भरपाई कब मिलेगी? इस ओर सभी किसानों की नजर लगी हुई है।

गौरतलब है कि बोड़दे कवठा स्थित मामा तालाब की पाल टुटने के कारण पानी बाहर आने लगा। जिससे किसानों की खेत जमीन में पानी संग्रहित हो गया और किसानों को नुकसान पहुंचा।

यह घटना 29 नवंबर को प्रकाश में आई थी। इस संबंध में किसानों ने जिला जलसंधारण अधिकारी व जलसंधारण विभाग को जानकारी दी। जिला जलसंधारण अधिकारी ने उसी दिन प्रत्यक्ष रूप से भेंट देकर निरीक्षण किया।

जिसमें किसानों को नुकसान पहुंचाने की बात स्पष्ट हुई। जिसके बाद किसानों ने नुकसान भरपाई की मांग प्रशासन से की। इस संदर्भ में स्थानिक अभियंता व प्रभारी जल संधारण अधिकारी मायकल फुंडकर से पूछताछ की गई तो मुख्यमंत्री जल संवर्धन योजना अंतर्गत तालाब का काम शुरु होने से तालाब की पाल जेसीबी से फोड़ने की बात उन्होंने बताई।

लेकिन फुंडकर ने वरिष्ठों से किसी भी तरह की अनुमति न लेते हुए मनमर्जी से काम किया। जिसके बाद महाराष्ट्र जिला परिषद सेवा शिस्त व अपील नियम 1964 की धारा 3 के प्रावधान के अनुसार गोंदिया जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगनांथम ने फुंडकर को निलंबित कर दिया है।

उन्हें सालेकसा पंचायत समिति भेज दिया गया है एवं उनके स्थान पर उपविभागीय अभियंता सालेकसा वाय.जी. बरड़े को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## सरकारी नल योजना से नियमित की जाए जलापूर्ति

**गोंदिया.** शहर में अधिकांश इलाकों में विगत कुछ दिनों से जलापूर्ति नहीं हो रही है। ऐसे में नागरिकों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शहर के आंबेडकर वार्ड परिसर में विगत 10 दिनों से नल योजना के माध्यम से जलापूर्ति नहीं हो रही है। नागरिकों को पेयजल से वंचित रहना पड़ रहा है। शुद्ध पेयजल नलों से नहीं आने के कारण वार्ड के नागरिक हैंडपंप के पानी पर निर्भर है। ऐसे में परिसर में जलजन्य बीमारियां फैलने की संभावना बढ़ गई है। इसे लेकर नगर परिषद कार्यालय तिरोड़ा में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत तिरोड़ा की ओर से ज्ञापन सौंपकर नियमित जलापूर्ति करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते समय अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत तिरोड़ा के अध्यक्ष अब्दुल रफीक शेख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 48 गांवों को जलापूर्ति रहेगी बंद

**गोंदिया.**

आमगांव तथा सालेकसा तहसील के 48 गांवों एवं कस्बों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने वाली बनगांव प्रादेशिक ग्रामीण जलापूर्ति योजना का संचालन गोंदिया जिला परिषद के जलापूर्ति विभाग द्वारा किया जाता है। इस योजना से उपभोक्ताओं को दो दिन में एक बार जलापूर्ति की जाती है। अर्थात साल में 6 माह उपभोक्ताओं को नलों से पानी उपलब्ध होता है। इसके बावजूद भी अनेक बार यह योजना विभिन्न कारणों के चलते समय-समय पर बंद हो जाती है। कभी पाईप लाईन में लिकेज, कभी जल शुद्धीकरण केंद्र में मरम्मत का कार्य तो कभी जलकर की राशि जमा न होने से बिजली बिल भरने में विलंब के कारण महावितरण द्वारा जल शुद्धीकरण केंद्र की बिजली आपूर्ति खंडित कर दिए जाने से यह योजना बंद हो जाती है। जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब फिर एक बार यह स्थिती निर्माण हो गई है। 9 दिसंबर को जिप ग्रामीण जलापूर्ति योजना जलापूर्ति विभाग के उप विभागीय अभियंता देवरी ने जानकारी दी है कि बनगांव प्रादेशिक ग्रामीण जलापूर्ति योजना के रेगाटोला स्थित जल शुद्धीकरण केंद्र में पंप की मरम्मत का आवश्यक काम शुरू किए जाने के साथ ही अन्य कुछ महत्वपूर्ण काम शुरू किए गए है। जिसके चलते 10 दिसंबर को योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों को जलापूर्ति नहीं होगी। जिससे आज 10 दिसंबर को नागरिकों को नलों से पानी उपलब्ध नहीं होगा।

# नन्हे-मुन्ने शालेय विद्यार्थियों के बीच पहुंचे विधायक

**'खूब खेलो-खूब पढ़ों' का दिया संदेश**

**गोंदिया.**

जिला परिषद हिंदी पूर्व माध्यमिक शाला, गर्रा में अटल जिला क्रीड़ा व सांस्कृतिक महोत्सव, जिला परिषद गोंदिया, केंद्र काटी द्वारा आयोजित केंद्र स्तरीय क्रीड़ा सम्मेलन में आज अपने दौरे के बीच जनता के विधायक विनोद अग्रवाल उपस्थित हुए।

विधायक विनोद भैया को देख विद्यार्थियों में एक उत्साह देखा गया। शालेय क्रीड़ा के लिए आये नन्हे मुन्ने बच्चों का स्नेह और प्रेम देख जनता के आमदार ने नन्हें -मुन्ने बालमित्रों के साथ थोड़ी ठिठौली की और उनके साथ बैठकर अपना प्रेम बांटा।

मंच पर शिक्षकों ने विधायक विनोद अग्रवाल का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। वही जनता के आमदार ने



शालेय विद्यार्थियों को 'खूब खेलो, खूब पढ़ों और देश का उज्ज्वल भविष्य बनने की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान ग्राम गर्रा के सरपंच कुलदीप पटले, पंस सदस्य सुनिताताई दिहारी, उपसरपंच आशीष मिश्रा, कमलेश पारधी ( अध्यक्ष शाला व्यवस्थापन समिति), कल्पना बागड़े पुलिस पाटील, केंद्र प्रमुख पठान मैडम, मुख्याध्यापक पठान सर, अनिल वट्टी सर, श्रीवास्तव सर, चंदेल सर, गमचंद भाऊ तुरकर, पुणेश्वर बरडे, प्रेमलाल काटेवार, सुभाष लांजेवार, प्रकाश ठाकरे, राजेश सोनवाने, महेश मर्सकोल्हे, तिलक दिहारी, सुनील राऊत आदि समेत असंख्य शालेय विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# ट्रक की चपेट में आकर किसान की मौत

**> अर्जुनी मोरगांव-वडसा हाईवे पर ग्राम इसापुर के पास हुआ हादसा**

**गोंदिया.**




अपने घर से खेत की ओर जा रहे किसान की धान के कोंडे से भरे ट्रक की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो जाने की घटना 9 दिसंबर को दोपहर 1 बजे के दौरान अर्जुनी मोरगांव-वडसा हाईवे पर स्थित ग्राम इसापुर के पास घटित हुई। घटना में मृतक किसान का नाम वासुदेव विठोबा लांजेवार (65) बताया गया है। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार इसापुर निवासी किसान वासुदेव लांजेवार सोमवार 9 दिसंबर को दोपहर 1 बजे के दौरान अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब वह अर्जुनी मोरगांव-वडसा हाईवे पर सड़क पार कर रहा था कि अचानक धान के कोंडे से भरे ट्रक क्र. एमएच-49/एटी-3259 जो अर्जुनी मोरगांव से वडसा की ओर जा रहा था अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसकी चपेट में वासुदेव भी आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही अर्जुनी मोरगांव के पुलिस निरीक्षक कमलेश सोनटक्के दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जेसीबी मशीन की सहायता से मृत वासुदेव लांजेवार का शव बाहर निकाला गया। पंचनामे के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए अर्जुनी मोरगांव के ग्रामीण अस्पताल में भेज दिया गया। समाचार लिखे जाने तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया गया था। घटना के संदर्भ में अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना की जांच थानेदार कमलेश सोनटक्के के मार्गदर्शन में की जा रही है।

# आमगांव-देवरी में हुई बारिश

**गोंदिया.**

पिछले लगभग एक सप्ताह से जिले में बदरीला मौसम बना रहने के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। जिसके कारण ठंड का एहसास ही खत्म हो गया है। 8 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे के दौरान आमगांव नगर में लगभग 15 से 20 मिनिट तक हल्की से मध्यम बारिश हुई। देवरी संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शाम 7 बजे के दौरान लगभग 15 मिनिट तक देवरी शहर और आसपास में मध्यम बारिश हुई। बारिश होने के बाद मौसम में उमस और गर्मी और बढ़ गई है। इस वर्ष ग्रीष्मकाल में जमकर धूप तपने एवं बारिश के मौसम में देर से बारिश शुरू होने के बावजूद औसतन बारिश लगभग शत-प्रतिशत होने के कारण ठंड के मौसम में भी कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान था। इस वर्ष दिवाली तक ठंड का एहसास ही नहीं हुआ। लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे ठंड बढ़नी शुरू हो



गई थी। नवंबर माह के अंतिम दिनों में ठंड बढ़नी शुरू होने से ऐसा लग रहा था कि इस बार कडाके की ठंड पड़ेगी। इस दौरान कुछ दिन तो गोंदिया जिले का तापमान विदर्भ में सबसे कम दर्ज किया गया था। न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। लेकिन इसके बाद अचानक आसमान में बादलों का डेरा जम जाने से धीरे-धीरे ठंड गायब होती गई। 9 दिसंबर को

## दिनभर मौसम बना रहा बदरीला

जिले का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। अचानक बदरीले वातावरण के कारण अब जिले के नागरिकों को ठंड के मौसम में भी गर्मी और उमस का एहसास हो रहा है। रात्रि के समय पंखे अब जोरों से घूमने लगे है। 8 दिसंबर को मौसम विज्ञान विभाग ने जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया था, जो खरा उतरा है। जिला अधिक्षक कृषि अधिकारी निलेश कानावडे ने किसानों से आव्हान किया है कि यदि तुअर की फसल पर कीटों का प्रभाव दिखाई पड़ता है तो कृषि अधिकारी से संपर्क कर मार्गदर्शन लेकर किटनाशक का छिड़काव करें। धान की फसल के संबंध में उन्होने कहा कि अधिकांश खरीप मौसम के धान की कटाई और चुराई का काम पुरा हो चुका है और खेतों में खड़े धान को फिलहाल कोई नुकसान की संभावना नहीं है। बारिश होने की स्थिति में खेतों में काटकर रखा गया धान खराब हो सकता है।

# संत जगनाड़े महाराज की 400 वीं जयंती पर शोभायात्रा

**हिंगनघाट.**

तैलिक समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि श्री जगनाडे महाराज की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया. स्थानीय हनुमान वार्ड स्थित हनुमान मंदिर में. श्री संताजी जगनाडे महाराज की पालकी का पूजन राजा महाराज शेंडे, ह.ब.प.दिलीपराव डकाके, ह.ब.प.मोहन महाराज गंडाइत ने किया। इसके बाद शहर के मुख्य मार्ग से भव्य जुलूस निकाला गया. भजनी मंडल, लेजिम टीम मुख्य आकर्षण रही। ढोल ताशा और बैंड दस्ते, भगवा ध्वज और श्री संत जगनाडे महाराज के जयकारों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में श्री संताजी महाराज की छवि की भव्य झांकी भी प्रमुख आकर्षण रही। जगह-जगह नागरिकों ने संताजी की छवि पर



पुष्पांजलि अर्पित की। हिंगनघाट प्रांतीय तैलिक महासंघ की ओर से महाप्रसाद का वितरण किया गया. इसी तरह जगह-जगह पानी व शरबत का वितरण किया गया। यह शोभा यात्रा विठोबा चौक, कारंजा चौक, विनायक चौधरी चौक, डॉं बाबासाहेब आंबेडकर चौक होते हुए स्थानीय हरिओम सभागार में भागवताचार्य श्री गजानन महाराज कपिले एवं संच की ओर से संत जगनाडे महाराज के जीवन पर कथा एवं कीर्तन का आयोजन किया गया. महाप्रसाद का वितरण किया गया। उपस्थित गणमान्य लोगों ने संताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आदरांजलि अर्पित की। इसका समापन काला कीर्तन के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन श्री संत शिरोमणि संताजी जगनाडे महाराज उत्सव समिति द्वारा किया गया था. समुदाय के सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

## खेत में करंट लगने से शख्स की हुई मौत

**समुद्रपुर.**

चापापुर शिवार में एक किसान ने जंगली जानवरों से फसल को बचाव के लिए बिजली का करंट लगाकर रखने से इस बिजली करंट सतीश गजभिए उम्र 38 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक सतीश गजभिए की कविता, सतीश गजभिए द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार मृतक सतीश गजभिए रोज की तरह खेत पर गया तो रात होने के बाद भी घर नहीं लौटा सुबह मृतक की पत्नी और भाई संतोष वरघने के खेत पर गये.

सतीश गजभे खेत में बिजली के तार को छूने से कारण मृत पाए गए मृतक की पत्नी कविता सतीश गजभिए की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है थानेदार संदीप गाड़े के मार्गदर्शन में पुलिस आगे की जांच कर रही है.

# बिना एमडी डॉक्टर के चल रहा 100 बेड का अस्पताल

## मुकेश रुंघे की मौत से हुआ खुलासा

**सौंसर.**



नगर का 100 बिस्तर का अस्पताल वर्षों से केवल एक रेफर केंद्र बनकर रह गया है। इलाज के अभाव में आए दिन यहां पर लोगों की जान जा रही है, लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। सौसर अस्पताल को बने और 100 बेड के अस्पताल का दर्जा मिले 20 साल से अधिक समय गुजर चुका है। शनिवार को पर्याप्त इलाज नहीं मिलने से हुई युवक की मौत ने क्षेत्र में विकास का डंका पीटने वाले नेताओं की पोल खोल दी। यह पहली घटना नहीं है; इससे पहले भी मरीजों के परिजनों से विवाद होते रहे हैं, लेकिन इसे गंभीरता से लेने के बजाय इसे हर दिन की घटना समझ कर टाल दिया जाता है।

शनिवार को नगर के वार्ड दो के युवक की मौत के मामले में भी यही हुआ। अस्पताल के स्टाफ ने मृतक युवक को समय रहते उचित इलाज नहीं दिया, जिससे उसकी जान बचाई जा सकती थी। युवक के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया और दो घंटे से अधिक समय तक अस्पताल गेट पर शव रखकर प्रदर्शन किया। एसडीएम ने संबंधित स्टाफ पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। परिजन अब पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

**डॉक्टर ने इलाज के बजाय इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया**

परिजनों के अनुसार, शनिवार की दोपहर को वार्ड दो के युवक मुकेश रुंघे (उम्र 27 वर्ष) को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल लाया गया था। उस समय जो डॉक्टर ड्यूटी पर थे, उन्होंने युवक का इलाज करने की बजाय सिर्फ एक इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। परिजनों ने एक्सरे करने की मांग की, लेकिन डॉक्टर ने समय खत्म होने का हवाला देकर उन्हें लौटा दिया। इसके बाद युवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि यदि समय रहते युवक को भर्ती कर इलाज किया जाता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने दो डॉक्टरों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इन्हें सौसर अस्पताल से हटाकर मोहगांव हवेली और बेरडी में भेज दिया गया है।

**1 साल से बंद है अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन**

सरकार गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन सौसर अस्पताल में ये योजनाएं धरातल पर नजर नहीं आ रही हैं। पिछले एक साल से अस्पताल में सोनोग्राफी की मशीन बंद पड़ी हुई है। इसके कारण गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए निजी नर्सिंग होम या सोनोग्राफी सेंटर जाना पड़ता है, और वहां उन्हें मोटी रकम चुकानी पड़ती है। कहा जा रहा है कि रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

हालांकि, इस मुद्दे पर पहले ही कई बार एसडीएम से लेकर विधायक और मुख्यमंत्री तक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन एक साल से अधिक समय बीत चुका है और सोनोग्राफी मशीन अब तक चालू नहीं हो पाई है। इसका फायदा निजी सोनोग्राफी सेंटर संचालक उठा रहे हैं और मनमानी फीस वसूल कर रहे हैं।

# विधवा नारी-शक्ति का होगा सम्मान

**> कारा ज़ोया प्राइवेट लिमिटेड कर रहा है 'स्पेशल अवार्ड नाइट फॉर विडोज़' का आयोजन**

**नागपुर।**





महाराष्ट्र के प्रतिभाशाली लोगों के लिए कारा ज़ोया प्राइवेट लिमिटेड एक बेहतरीन मंच है। जल्द ही कारा जोया प्राइवेट लिमिटेड के बैनरतले कारा फाऊंडेशन लेकर आ रहा है 'स्पेशल अवार्ड नाईट फॉर विडोज़'। जिसमें विदर्भ की गौरवशाली महिलाओं के जज्बे को सम्मानित किया जाएगा। हुनर और हौसले के दम पर अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं की प्रेरणादाई कहानी को जानकर हम उन्हें सम्मानित करेंगे। कामयाब और जो महिलाएं एक-दूसरे की बनी है ताकत, उस नारी शक्ति को सलाम किया जाएगा।

विधवा महिलाएं अपने जीवन में विभिन्न कठिनाइयों और समानता और सामाजिक चुनौतियों का सामना करती है, अक्सर वह अपने सपनों को खिड़की के रूप में देखती है, जो कभी खुलती है तो कभी बंद हो जाती है। लेकिन कारा फाऊंडेशन विदर्भ की उन महिलाओं को सम्मानित करने जा रही है जिन्होंने इन बाधाओं को कभी अपने बीच आने नहीं दिया और कड़ी संघर्ष के बाद अपने परिवार एवं अपने बच्चों को इस काबिल बनाया कि लोग आज उनका उदाहरण समाज में पेश करते हैं। कारा फाडेशन के तहत गरीब बच्चों, विधवाओं, बुजुर्गों की मदद की जाती है। इस सफलता का विशेष श्रेय कंपनी की फाउंडर जोया सिराज शेख को जाता है। कारा जोया प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक अध्यक्ष जोया सिराज शेख कहती हैं कि खुशियां बांटने से बढ़ती है। जोया कहती है कि वो आज जो भी है, अपनी मेहनत, ईमानदारी, लोगो के प्यार और दुआओं के कारण हैं। कारा फाउंडेशन ने हमेशा ऐसे कदम उठाए हैं,जो दूसरे लोगों की जिंदगी में खुशियां बनकर छा जाएं। साथ ही लोगों को दूसरों की मदद के लिए प्रेरित करते रहें।कारा न्यूज, बीसीएन न्यूज चैनल, नागपुर मेट्रो समय समाचार, ट्रैवल पार्टनर और भारत ट्रैवल प्वाइंट इस इवेंट के के मीडिया पार्टनर हेंगे।

# 'ईवीएम हटाओ' को लेकर हल्लाबोल आंदोलन

**गोंदिया.**



बहुजन रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी व आदिवासी गोवारी युवा शक्ति संघ द्वारा तहसील कार्यालय के बाजू में ईवीएम हटाओ बायलट पेपर लाओं को लेकर हल्लाबोल आंदोलन किया गया. बीआरएसपी के विदर्भ सचिव प्रा. डी.एस. मेश्राम के नेतृत्व में जिले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरणा आंदोलन किया. इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने उपविभागीय अधिकारी खंडाई से भेंट कर उन्हें राष्ट्रपति व चुनाव आयोग के नाम ज्ञापन सौंपा.

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में ईवीएम में हेराफेरी कर धांधली की गई. चुनाव परिणामों से चुनाव प्रक्रिया पर नागरिकों का भरोसा कम हो गया है. जिससे संपूर्ण राज्य में ईवीएम को लेकर आंदोलन किए जा रहे हैं. इस आंदोलन में बीआरएसपी के विदर्भ सचिव महेंद्र चौरे, जिलाध्यक्ष संजय बोहरे, आमगांव तहसील अध्यक्ष हेमराज चुटे, घनश्याम शिवनंकर, मनोज वालदे, नारायण मेश्राम, राजकुमार राऊत, रवि मेश्राम, रविंद्र बडगे, राजकुमार रामटेके, प्रफुल डोंगरे, परमानंद वैद्य, बंडू नागभिरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे.

# पोक्सो प्रकरण में आरोपी की जमानत मंजूर

**गोंदिया.** जिला व अपर सत्र न्यायालय के विशेष सहायक न्यायाधीश एम.टी. वशीम ने पोस्को प्रकरण में बंदी आरोपी गगन कृष्णा वाढवे की जमानत मंजूर की है.बताया जा रहा है कि रामनगर पुलिस थाने के तहत एक नाबालिग लड़की 7 जुलाई 2024 को अपने घर पर अकेली थी. इस समय कथित आरोपी ने नाबालिग के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया. लड़की के पिता जब सुबह काम से घर आए तो लड़की ने उन्हें आपबीती बताई. इस पर पिता ने रामनगर थाने में शिकायत दर्ज की. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया. इसके बाद 9 जुलाई 2024 को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया. इस प्रकरण की जांच कर पुलिस ने दोषारोपण पत्र न्यायालय में दाखिल किया.

# डॉक्टरों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नागपुर.**

त्रिदेवी एजेंसी, रेबिसन इंडिया इलेक्ट्रो होम्योपैथी, और यश क्लिनिक, डॉ. नाना सेलोकर, रामटेक (नागपुर) के संयुक्त तत्वावधान में नागपुर में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला दिनांक 17 दिसंबर 2024 (मंगलवार) और 18 दिसंबर 2024 (बुधवार) को आयोजित होगी।

इस कार्यशाला में डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, डॉ. सनम शर्मा (चंबा, हिमाचल प्रदेश) और डॉ. जगजीत सिंह गिल (मोगा, पंजाब) उपस्थित रहेंगे। डॉ. नाना सेलोकर ने नागपुर जिले और महाराष्ट्र के सभी डॉक्टर्स से इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। कार्यशाला में




"वात" और "इनफर्टिलिटी" जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी दी जाएगी। साथ ही, अपनी प्रैक्टिस को बेहतर बनाने के उपाय भी बताए जाएंगे। कार्यशाला का स्थान: होटल ओरिएंट तायबा, गणेशपेठ एस.टी. स्टैंड के पास, बैद्यनाथ चौक, नागपुर संपर्क: 7588748844. डॉक्टर्स से अपील की जाती है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी चिकित्सा पद्धति को और अधिक प्रभावशाली बनाएं।

# किसान कल्याण के लिए धन की कमी नहीं होने देंगे: विधायक ठाकुर

**काटोल.**




काटोल विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक चरण सिंह ठाकुर ने किसानों की आय और ग्रामीण रोजगार बढ़ाने के लिए अहम घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय फल अनुसंधान केंद्र को किसानों और युवा किसानों को संतरे, मोसंबी और अन्य फलों की नई किस्मों के अनुसंधान और उसे किसानों तक पहुंचाने में मदद के लिए आवश्यक विकास निधि में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस कार्यक्रम में पंजाबराव देशमुख कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शरद गडाख, पूर्व विधायक और वनराई अध्यक्ष गिरीश गांधी, पूर्व कुलपति डॉ. एसडी माई, काटोल पंचायत समिति सभापति संजय डांगोरे, नरखेड पंचायत समिति के पूर्व सभापति नरेश अरसाडे, पीकेवीके संचालक मोरेश्वर वानखेड़े सहित कृषि और फल अनुसंधान केंद्र के अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि संतरे और मोसंबी की बागवानी से किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मिलकर किसानों के कल्याण के लिए काम करने का आश्वासन दिया और कहा कि उद्यान विद्या महाविद्यालय खोलने के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी।

इस मौके पर डॉ. प्रदीप दवने का सम्मान भी किया गया, जिन्होंने क्षेत्रीय फल अनुसंधान केंद्र काटोल वंडली में कृषि वैज्ञानिक के रूप में उत्कृष्ट सेवा दी।

विधायक चरण सिंह ठाकुर ने कृषि आय और ग्रामीण रोजगार बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया फैसलों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों और अधिकारियों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मनुष्य का मनुष्य बने रहना ही मानवाधिकार है: डॉ. जोशी

**> विधि विभाग में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस**

**वर्धा.**




महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. शंभू जोशी, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, दूर शिक्षा निदेशालय ने संबोधित करते हुए कहा कि कल्पना करिए कि यदि मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा नहीं होती तो क्या होता, तब भी मानवाधिकारों की चर्चा होती। इसलिए मनुष्य का मनुष्य बने रहना ही मानवाधिकार है। मनुष्य ही मानवता का मूल है। मनुष्य श्रेष्ठ है, अपने साथ साथ उसे सबके लिए विचारशील होना आवश्यक है। मनुष्य चेतना के विकास का सर्वोत्तम प्राणी है। जब आप मानवाधिकार की संकल्पना को मानेंगे तो कर्तव्य को पूरा करना आवश्यक है। मानव की गरिमा, मानव की स्वतंत्रता, मानव की सृजनात्मकता ही मानव के लिए मानवाधिकार है।

कार्यक्रम का प्रारंभ कुलगीत से किया गया। स्वागत वक्तव्य एवं विषय प्रवर्तन विधि विभाग के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी द्वारा किया गया। प्रो. तिवारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार वे अधिकार है जो प्रत्येक मनुष्य को केवल और केवल इस आधार पर मिलने चाहिए क्योंकि वे मनुष्य हैं। वास्तव में इन्हें बहुधा, 'मूल' अथवा मौलिक अधिकार भी कहा जाता है। इंग्लैंड में सर्वप्रथम 1215 में लोगों के अधिकारों के लिया जारी किया गया मेग्नाकार्टा मानवाधिकारों में एक अहम मोड़ है।विश्व के समस्त राज्यों ने इन अधिकारों को मान्यता प्रदान की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अन्तर्गत भी मानव अधिकारों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इस अवसर पर संध्या कुमारी, मनीषा कुमारी, विजेश यादव, श्वरित विश्वकर्मा, आकाश पांडेय तथा कुमारसंभव ने भी अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परमानन्द राठौर ने किया तथा डॉ. दिव्या शुक्ला ने आभार माना। कार्यक्रम में विधि विद्यार्थियों के साथ डॉ. युवराज खरे, डॉ.विजय कुमार सिंह, आनंद भारती, अमोल आड़े, विक्की लांडे आदि उपस्थित रहे।

# वापिस लौटी ठंड; अकोला का न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री

**अकोला.** पिछले सप्ताह शहर सहित जिले में लगातार बादल छाए रहे। इससे ठंड का जोर कम हो गया। लेकिन रविवार को सुबह से ही धूप खिली रही। बादल साफ होते ही ठंड लौट आई है। शहर में रात और सुबह ठंड बढ़ रही है। आज सुबह न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री दर्ज किया गया है। अकोला शहर का अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री दर्ज किया गया. देर रात तापमान गिरने से ठंडक बढ़ गयी थी। आज सुबह न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक गिरा और अंत में 11.8 डिग्री पर आ गया। शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ठंड महसूस होती है। किसानों का कहना है कि इस सर्दी से फसलों को फायदा होगा। मौसम विभाग ने तापमान कम होने के साथ अगले कुछ दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। इस बीच, ठंड के मौसम की वापसी के साथ, नागरिकों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। शहर में तिब्बती विक्रेताओं द्वारा लगाई गई गर्म कपड़ों की दुकानों पर नागरिकों की भीड़ फिर से बढ़ने लगी है।

# हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**सौंसर.**

अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश, सौसर जिला-छिंदवाड़ा ने सत्र प्रकरण क्रमांक 12/2022 में आरोपी तानू पिता तिज्जू तिरगाम (44 वर्ष), निवासी ग्राम छावडी, थाना बिछुआ, जिला-छिंदवाड़ा को धारा 302 (हत्या) भादवि में दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास और 5000 रुपये का जुर्माना लगाया।




घटना का विवरण देते हुए अपर लोक अभियोजक संदीप मेश्राम ने बताया कि 23 जून 2022 को शाम 5:30 बजे आरोपी तानू का सतीश से भूमि विवाद था, जिसके चलते उसने सतीश के सिर पर पत्थर मारा, जिससे सतीश की मृत्यु हो गई। थाना बिछुआ में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। निरीक्षक पूर्वा चौरसिया द्वारा मामले की संपूर्ण विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

# लाखांदूर में अब भी बिना मंजूरी के चल रहे स्कूल

**भंडारा.**

जिले के लाखांदूर में एक अनधिकृत स्कूल चलने को लेकर शिक्षा विभाग ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है. आरोप है कि यह स्कूल बिना किसी मान्यता के खुलेआम चलाया जा रहा है. लाखांदूर में दो स्कूलों को मान्यता नहीं होने के बावजूद भी स्कूल निर्विरोध चल रहे हैं. भंडारा जिला परिषद शिक्षा विभाग ने लाखांदुर में इसकी जांच कर बौद्ध इंटरनेशनल स्कूल और ट्विंकल स्टार स्कूल को बंद करने का आदेश दिया है. इन दोनों स्कूलों के पास कोई मान्यता नहीं है. हालाँकि, छात्र अभी भी स्कूल में पढ़ रहे हैं. इस संबंध में बार-बार पत्र देने के बावजूद स्कूल बंद नहीं किया गया. आखिरकार शिक्षा विभाग ने लाखांदूर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है.

# विदेश में निर्यात पर रोक से कपास के दामों में तेजी नहीं

**अमरावती.**

बांग्लादेश में एक बड़ा कपड़ा उद्योग है। हर साल भारत से बड़ी मात्रा में कपास का आयात किया जाता था। हालांकि, मौजूदा स्थिति में राजनीतिक अस्थिरता के कारण भारत से निर्यात बंद हो गया है। इससे कपास उद्योग पर बहुत असर पड़ा है। बांग्लादेश में कम से कम 15 से 16 लाख गांठ कपास और चीन में 10 से 12 लाख गांठ कपास का निर्यात किया जा रहा था। हालांकि इस साल निर्यात प्रतिबंध के कारण कपास में कोई तेजी नहीं दिख रही है। अमरावती जिले में किसानों का सफेद सोना खुले बाजार में 7100 रुपये प्रति क्विंटल की कीमत पा रहा है। जबकि सरकारी खरीद केंद्र पर भाव 7450 रुपये तक मिल रहा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह कीमत पीछे हट गई है।

## दुपहिया पर हाथ साफ

**गोंदिया.** तिरोड़ा थानांतर्गत मातोश्री लॉन से किसी अज्ञात चोर ने सुना मौका पाकर दुपहिया वाहन को चोरी कर लिया। जिसकी कीमत 55 हजार रुपए बताई गई है। जानकारी के अनुसार संत कवरराम वार्ड निवासी फरियादी ईश्वर दयाल बुधाजी बनकर (26) विवाह समारोह में गया था। तब ही कसी अज्ञात चोर ने उसके दोपहिया पर हाथ साफ कर दिया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 460-0 | 134-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 120-3 | 269-7 |
| प्रभात | 770-4 | 459-8 |
| प्रभात नाईट | 250-7 | 348-5 |
| डायमंड | 378-8 | 177-5 |
| मेन बाजार | 279-8 | |
| मिलन डे | 880-6 | 230-5 |
| मेन रतन | 139-3 | 248-4 |
| कल्याण | 224-8 | 347-4 |
| राजधानी डे | 120-3 | 377-7 |
| राजधानी नाईट | 249-5 | - |
| कुबेर डे | | |
| डायमंड नाईट | 349-6 | 170-8 |

# सार्वजनिक शौचालयों की खराब स्थिति पर कड़ी कार्रवाई

**> अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल की चेतावनी**

**> शौचालयों की देखभाल में हो रही लापरवाही**

**नागपुर.**

नागपुर शहर में सार्वजनिक शौचालयों की खराब स्थिति पर अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल ने कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जिन शौचालयों की स्थिति खराब है, उन्हें अगले दस दिनों के भीतर ठीक किया जाए। अगर इस अवधि में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह निर्देश नागपुर महानगरपालिका द्वारा विभिन्न संस्थाओं को सौंपे गए शौचालय प्रबंधन की स्थिति का आकलन करने के बाद दिए गए हैं। आंचल गोयल ने शौचालयों में गंदगी, दुर्गंध, अस्वच्छता और कर्मचारियों के खराब व्यवहार पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शौचालयों में पानी और बिजली की सप्लाई भी ठीक से नहीं हो रही है। इसके अलावा, उन्होंने




कंत्राट नेताओं से शौचालयों में काम करने वाले कर्मचारियों की सूची, उनके गणवेश और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। अगर अगले दस दिनों में सुधार नहीं हुआ, तो कंत्राट रद्द करने की चेतावनी दी गई है।

- ☐ नागपुर में कुल 66 सार्वजनिक शौचालयों का प्रबंधन विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है।
- ☐ शौचालयों में पुरुषों के लिए 267, महिलाओं के लिए 163 और दिव्यांगों के लिए 62 शौचालय हैं।
- ☐ 110 स्नानगृह और 297 मूत्रालय भी शहर में कार्यान्वित हैं।
- ☐ शौचालयों की खराब स्थिति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद सदस्य पर कुल्हाड़ी से हमला

**सौंसर.**



सौंसर में असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए प्राणघातक हमले में जनपद सदस्य जर्नादन टापरे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नागपुर रेफर किया गया है। यह हमला अवैध शराब बिक्री रोकने के विवाद के चलते हुआ बताया जा रहा है।

सोमवार शाम करीब 6 बजे वाघोडा जोड़ स्थित अपनी होटल में बैठे जर्नादन टापरे पर रविंद्र उर्फ भूरा बोबडे ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर पर तीन से चार गहरे घाव हुए हैं और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गंभीर स्थिति में टापरे को सौंसर के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस फिलहाल उनका बयान दर्ज नहीं कर सकी है। पुलिस जुटी आरोपी की तलाश में लोधीखेडा थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी इलाके में अवैध शराब का धंधा करता था और टापरे द्वारा इसे रोकने पर विवाद बढ़ गया था। विधायक पहुंचे अस्पताल घटना की जानकारी मिलते ही विधायक विजय चौरे अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से टापरे की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस से आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। हालांकि, क्षेत्र में पुलिस की गश्त न होने के कारण अशांति और दादागिरी का माहौल बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने सुरक्षा की मांग की है।